# द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव महाविद्यालय (स्वायत्तशासी)

उत्कृष्ठता हेतु सक्षम महाविद्यालय (भाषायी अल्पसंख्यक संस्थान)

**Dwaraka Doss Goverdhan Doss Vaishnav College** (AUTONOMOUS)

**Re-accredited with "A ++" Grade by NAAC (3rd Cycle)**

*College with Potential for Excellence* (Linguistic Minority Institution)

# दर्पण

## हिन्दी विभाग शिफ़्ट - २

Dec 2023 / Annual Publication / Volume - 1, Issue - 1

### *विभागीय विशेष सेवाएँ*


सेमीनार/वेबीनार/और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन,
हिन्दी ज्ञान एवं साहित्य के विकास हेतु छात्रों को प्रोत्साहित करना,

**सम्पादक**
डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी

**सह संपादक मण्डल -**
डॉ. सुनील पाटिल
डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी
डॉ. कुमार अभिषेक
डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा

| | |
|---|---|
| सचिव एवं प्राचार्य के संदेश | 02 |
| विभागाध्यक्ष की मेज से | 03 |
| विभाग के बारे में | 04 |
| विभाग की गतिविधियां | 5 & 6 |
| विभाग की उपलब्धियां | 7 & 8 |

# शुभकामनाएँ



## श्री अशोक कुमार मूँधड़ा जी
**सचिव - डी जी वैष्णव कालेज**

भारत विविध भाषाओं का देश है । सभी भाषाओ का अपना अपना महत्व है । हिन्दी हमारे देश की राष्ट्र भाषा है । भाषा मे हमारी संस्कृति जीवित रहती है । जाहिर है यदि हमे अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखना है तो भाषा को सुरक्षित रखना होगा । भाषा अपनाने से जीवित रहती है । पढ़ने पढ़ाने से इसका अस्तित्व सदा बना रहता है । हमारे महाविद्यालय मे भी हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ लगभग ६१० छात्रों के साथ पठन पाठन करते हुये सक्रिय है । वर्ष भर विभिन्न तरह के कार्यक्रम सम्पन्न करते हुये हिन्दी बच्चो मे साहित्य के प्रति रुचि प्रदान कर रहा है। अपने वर्ष भर की गतिविधियो को सार्वजनिक पटल पर रखने के लिए विभाग प्रतिवर्ष न्यूजलेटर प्रकाशित करता है। यह इसका तीसरा अंक है । विद्यार्थियो, प्राध्यापको, एवं विभाग द्वारा विशद क्षितिज पर किए जा रहे कौशल प्रदर्शन का प्रस्तुतीकरण करने के लिए इस न्यूज लेटर से बेहतर साधन और दूसरा नहीं हो सकता । विद्यार्थियो की लेखन कला भी इसमे शामिल करके प्रकाशित की जाय तो निःसन्देह उनको प्रोत्साहन मिलेगा । अहिंदी भाषी क्षेत्र मे हिन्दी प्रकाशन का यह प्रयास सराहनीय है। हिन्दी भाषी विद्यार्थियों को यह एक नया मंच मिलेगा । मैं हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ को साधुवाद देता हूँ और इसके सतत प्रकाशन की मंगल कामना करता हूँ ।



**प्राचार्य की प्रेरणा**

## कैप्टन डॉ. एस. संतोष बाबू
**प्राचार्य, डी. जी. वैष्णव कालेज**

तमिलनाडु जैसे तमिल भाषी प्रदेश मे शायद ही कोई और दूसरा कालेज होगा जहां हमारे कालेज की तरह हिन्दी विद्यार्थियो की संख्या होगी । केवल शिफ्ट-२ मे वर्तमान मे हिन्दी पढ़ने वालो की संख्या 610 है, जो अपने आप मे एक मिशाल है । इसमे ऐसे बच्चे भी है जिनकी मातृ भाषा हिन्दी नहीं है, पर वे सभी हिन्दी पढ़ते, बोलते है , यह हमने हिन्दी के कार्यक्रमों मे देखा है ।मुझे गर्व होता है कि अहिंदी भाषी छात्र देश की राष्ट्रीय भाषा मे इतनी गहरी रुचि ले रहे है। हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ ने अनेक आयोजन करके बच्चो को पेपर प्रजेंट करने का तरीका सिखाया है, जो सराहनीय है । इससे उनकी प्रतिभा मे निखार आएगा । विभाग की सभी गतिविधियो को पटल पर रखने के लिए विभाग ने प्रति वर्ष न्यूज लेटर प्रकाशन का क्रम जारी रखा है । यह तीसरा अंक है । भाषा कभी बाधक नहीं होती। अधिक भाषाओ को सीखना अच्छी बात है । हमे खुशी होती है कि जब अहिंदी भाषी छात्र हिन्दी बोलते और सीखते है । हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ का यह प्रकाशन निश्चित रूप से छात्रों के लिए सहायक साबित होगा । इससे प्रेरित होकर हिन्दी छात्र अपनी लेखन कला और भी विकसित करेंगे । मैं विभाग को साधुवाद देता हूँ और आगे भी इसके प्रकाशन के लिए शुभ कामना करता हूँ ।



साहित्य से समाज को अपनी संस्कृति का ज्ञान मिलता है और भाषा से मानव समाज, मानवेतर प्राणियों से अलग हटकर अपनी एक अलग पहचान बनाता है। भाषा ही मनुष्य को मनुष्य बनाती है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। हमारे महाविद्यालय के हिन्दी विभाग शिफ्ट -२ ने अपनी गतिविधियो को पाठको के समक्ष रखने के लिए न्यूज लेटर "दर्पण शिफ्ट-२' का प्रकाशन शुरु किया है। यह विभाग का तीसरा प्रयास है। जिसकी मैं सराहना करता हूँ। प्राध्यापक, छात्र इससे अधिकाधिक रुप से लाभान्वित हो ऐसा प्रयास होना चाहिए। मैं इसके लगातार सफलता पूर्वक प्रकाशन की मंगल कामना करता हूँ।

**श्री अशोक केडिया**
कोषाध्यक्ष, डीडीजीडी वैष्णव कालेज

---



## विभागाध्यक्ष की कलम से

न्यूज लेटर का प्रकाशन विश्व विद्यालय अनुदान आयोग एवं नैक की एक संवैधानिक प्रक्रिया है जिसे हमारे महाविद्यालय का प्रत्येक विभाग कर रहा है, उसे हम भी कर रहे है। बीते वर्ष की समस्त विभागीय गतिविधियों को पटल पर रखने का यह एक सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम है। एक तरह से यह एक कार्यालयीय रिकार्ड भी है। हमारा तीसरा प्रयास आपके हाथो मे है। आशा है आपके विश्वास पर खरा उतरूँगा। हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ कुल लगभग ३५ विभागो, 630 छात्रों, और ५ प्राध्यापको का एक परिवार है जो हिन्दी सेवा मे रत है। स्वायत्ताशासी होने के कारण पाठ्यक्रम को छात्रोपयोगी व सुविधाजनक बनाया जा सका है। विभाग का विधिवत परिचय आगे पृष्ठ पर दिया गया है। सचिव जी, प्राचार्य जी, कोषाध्यक्ष जी, के शुभ संदेश प्रारम्भ मे प्रस्तुत किए गए है। आगे के पृष्ठो पर विभाग की गतिविधियो, उपलब्धियों,, प्राध्यापको की उपलब्धियों, प्रकाशन ,अवार्ड, तथा छात्रों की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों, को क्रमानुसार दर्शाया गया है। विभाग की सामाजिक सेवाओं का भी उल्लेख किया गया है। यथा संभव सुविधानुसार छायाचित्र भी प्रस्तुत किया गया है।

चेन्नई शहर मे हिन्दी प्रकाशन की सुविधा अत्यंत सीमित होते हुये भी न्यूज लेटर प्रकाशन का कार्य अनवरत जारी है। इसमे सभी का सहयोग रहा है। सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा जी की असीम कृपा है। इस न्यूज लेटर का नामकरण भी आपश्री ने ही किया है। प्रारम्भिक प्रकाशन को तीन चार बार अवलोकन करके उसे परिष्कृत कर अंतिम रूप दिया। उनका मार्गदर्शन स्तुत्य है। मैं उनका हृदय से कृतज्ञ हूँ। कोषाध्यक्ष श्री अशोक केडिया जी का सहयोग आशातीत रहा है। उनकी सहजतापूर्ण सहयोग के लिए आभारी हूँ। प्राचार्य डॉ एस संतोष बाबू का सहयोग भुलाया नहीं जा सकता। न्यूज लेटर प्रकाशन मे उनके अभूतपुर्व सहयोग के लिए उनको आभार प्रकट करता हूँ। विभाग के सभी प्राध्यापको का भरपूर सहयोग मिला है। सभी को धन्यवाद देता हूँ। हमारे इस प्रयास मे त्रुटियाँ हो सकती है जिसके लिए क्षमा प्रार्थी हूँ। पर सुझाव अवश्य देने की कृपा कीजिएगा। हम प्रतिक्षार्थी रहेंगे। जय श्री कृष्ण।

**डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी, विभागाध्यक्ष - हिन्दी विभाग शिफ़्ट-२**

# हिन्दी विभाग शिफ्ट -2

संस्था , संरक्षण का पर्याय होती है । संस्था , उन परिवारों का संरक्षण करती है जो इससे जुड़े होते है । इसलिए कोई भी व्यक्ति , चाहे वह कितना भी प्रतिभावन क्यों न हो , वह संस्था से बड़ा नहीं हो सकता है । संस्था हमेशा सर्वोपरि होती है । हमारा हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ भी दक्षिण के सुप्रसिद्ध महाविद्यालय द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव कालेज का एक भाग है जो हिन्दी भाषा का पठन पाठन करता है । सन १९७० से कुछ विभागो से शुरू हुआ यह विभाग आज लगभग ३५ विभागो के ६३० छात्रों को हिन्दी पढा रहा है । वर्तमान मे कुल ५ आचार्य हिन्दी की शिक्षा दे रहे है । हमसे पहले भी अनेक आचार्यो ने अपनी सेवाएँ दी है जिनमे डॉ एम शेषन जी , डॉ एच एन पांडे जी , डॉ रामसूरत सिंह जी प्रमुख है ।

पठन पाठन तो बेसिक स्तर का ही रहा है । कामर्स ग्रुप के छात्र एक साल अर्थात २ सेमेस्टर हिन्दी भाषा पढ़ते है । विज्ञान एवं कला वर्ग के छात्र २ साल अर्थात ४ सेमेस्टर हिन्दी भाषा पढ़ते है । महाविद्यालय स्वायत्तशासी है , इसलिए पाठ्य क्रम सुनिश्चित करने का अधिकार प्राप्त है । पाठ्य क्रम निर्धारण मे छात्रों के कैरियर एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है । लगभग ४५% छात्र ऐसे है जो हिन्दी भाषी क्षेत्र के नहीं है । उनका विशेष ध्यान रखा जाता है । हो सकता है आगामी सत्र मे प्रादेशिक सरकार के निर्देशानुसार पाठ्य क्रम बनाना पड़े । वर्तमान पाठ्य क्रम मे कविता ,निबंध,नाटक,कहानी,तकनीकि शब्दावली, अनुवाद , पत्रकारिता जैसे नौकरी उन्मुख विषय पढ़ाये जाते है । गैर हिन्दी भाषी छात्रों को अतिरिक्त कक्षाएँ लेकर उनके हिन्दी ज्ञान का वर्धन किया जाता है ।

हिन्दी विभाग शिफ्ट-२ द्वारा , पाठ्यक्रम के अलावा प्रांतीय एवं राष्ट्रीय , अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है । जिसका विवरण आगे के पृष्ठ पर दिया गया है । विभाग , हिन्दी छात्रों के बहुमुखी विकास का विशेष ध्यान रखता है । जिसमे निबंध लेखन, प्रपत्र वाचन, पीपीटी तैयार करना, उसका प्रजेंटेशन करना, खेलकूद, समाज सेवा , आदि सेवाएँ शामिल हैं । विभाग के छात्रों को बाहर के कालेज मे आयोजित प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है । छात्र प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करते है । सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे हमारे हिन्दी छात्र बढ़ चढ़ कर भाग लेते है । अपनी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी के गौरव को बढ़ाने मे अपना सहयोग देते है । वर्तमान मे विभाग के सभी आचार्य डाक्टरेट उपाधि प्राप्त और विषय विशेषज्ञ है । अतकनिकी विभाग होते हुये भी , विभागाध्यक्ष सहित सभी आचार्य कंप्यूटर के माध्यम से सभी कार्यालयीय प्रक्रिया को समय से व सुचारु रूप से पूर्ण करते है । महाविद्यालय की प्रबंधन समिति ने विभाग को ३ कम्प्यूटर प्रदान किया है । राष्ट्रीय आयोजनो के लिए प्रबंधन समिति से पूर्ण सहयोग हमेशा मिलता रहता है । प्रबंधन समिति के साहित्यिक व भाषायी प्रेम से विभाग हमेशा लाभान्वित होता रहता है । विभाग ,कालेज एवं हिन्दी भाषा की गरिमा को ससम्मान सुरक्षित रखने के लिए हमारा आचार्य मण्डल हमेशा तत्पर है ।












# विभागीय गतिविधि
# 2022-23








श्री कृष्णा की कृपा से वर्ष 2022-23 की शुरुआत सुखद रही। सत्र के प्रारम्भ मे विगत सारी आपदाएँ थम गयी थी। सभी क्षेत्रों मे स्थिति सामान्य हो गयी थी और कार्य सुचारु रूप से चलने लगे थे। सच कहा जाय तो सभी क्षेत्रो मे लोग कर्मस्थली पर उत्साहपूर्ण मनःस्थिति मे आ जा रहे थे। शिक्षा विभाग भी पूर्ण रूप से नियमित हो गया था। कक्षाये नियमित रूप से चलने लगी थी और छात्र एक लंबे अरसे के अंतराल के बाद उत्साह से कालेज आने लगे थे। स्वाभाविक है पठन पाठन के साथ अनेक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुये। हमारा हिन्दी विभाग शिफ्ट-2 भी पीछे नहीं रहा। विभाग ने कई कार्यक्रम आयोजित किए जो छात्रों के भाषा विकास के लिए जरूरी भी था और समयोचित भी रहा। छात्रों मे भाषाई जागरूकता साफ दिखाई पड रही थी। उनके और प्रबंधन समिति के सहयोग से हमने जो कार्याक्रम आयोजित किए वे इस प्रकार है -

1 – राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 2022 पूरे देश मे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा था। इस दिवस को हिन्दी विभाग शिफ्ट-2 ने भी बड़ी धूम धाम से मनाया। श्री वल्लभाचार्य प्रेक्षागृह मे एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे निबंध लेखन की प्रतियोगिता सम्पन्न की गयी। छात्रों का मार्ग दर्शन करने हेतु डॉ स्वाति पालीवाल, विभागाध्यक्ष –हिन्दी गुरुनानक कालेज, और डॉ श्रावणी भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष – हिन्दी स्टेला मारिस कालेज, ने अपनी उपस्थिती दी। लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया।

2 – भारत सरकार के डाक विभाग ने एक सरकुलर जारी करके भारतीय भाषाओ मे पूरे देश के छात्रों के लिए 'ढाई आखर' लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे हमने भी अपने छात्रों के साथ भाग लिया। हिन्दी विभाग से कुल 75 प्रविष्टिया डाक विभाग को प्रेषित की गयी। हिन्दी मे लिखे गए लेखो मे हमारा कालेज सबसे आगे था। हमारे कालेज की प्रविष्टियाँ सबसे अधिक थी। विभागधायक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी ने इस प्रतियोगिता के संदर्भ मे छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 20.09.2022 को आयोजित की गयी।

3 – दिनांक 18.10.2022 को एक अतिथि ब्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था – हिन्दी कविता मे राष्ट्र प्रेम- आज की नयी पीढ़ी के संदर्भ मे। मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ पी आर वासुदेवन, विभागाध्यक्ष –हिन्दी शिफ्ट-2, राम कृष्ण मिशन विवेका नन्द कालेज, ने पधारकर छात्रों का मार्गदर्शन किया।

4 – भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर श्री सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भाषा दिवस के रूप मे मनाते हुये दिनांक 11.12.2022 को एक आन लाइन निबंध प्रतियोगिता कराई गयी जिसमे शहर के कई कालेज के छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और सम्मान से पुरस्कृत किया गया।













5 – विभाग का पाँचवाँ कार्यक्रम दिनांक 07.01.2023 को सम्पन्न हुआ। हिन्दी गौरव संस्था नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान मे एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। जिसमे पूरे भारत से अनेक साहित्यकारो ने भाग लिया। भव्य कवि सम्मेलन एवं राष्ट्र प्रेम पर विषद चर्चा की गयी। इस समारोह मे अनेक साहित्यकारो के साथ साथ महाविद्यालय के सचिव डॉ अशोक कुमार गूँधड़ाजी , प्राचार्य डॉ एस संतोष बाबू , एवं विभागधायक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी को भी हिन्दी गौरव नयी दिल्ली संस्था द्वारा हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

6 – विभाग द्वारा सत्र 2022-23 का सर्वाधिक लोकप्रिय अंतर्महाविद्यालयीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'दर्पण शिफ्ट-2' दिनांक 13.01.2023 को सम्पन्न हुआ। जिसमे बाहरी कालेज के अनेक छात्रों के साथ हमारे महाविद्यालय के कुल 600 छात्र भाग लिए। कुल 7 प्रतियोगिताएं की गयी। विजेता कालेज को प्रमाण पत्र व सम्मान से सम्मानित किया गया। तथा श्री कनयका परमेश्वरी महिला महाविद्यालय को ओवर आल ट्राफी प्रदान की गयी।

7 – दिनांक 25 व 26 फरवरी 2023 को कालेज सचिव एवं प्राचार्य जी के नेतृत्व मे 'चौरासी कोस ब्रज यात्रा एवं छप्पन भोग महोत्सव' का विशाल आयोजन किया गया जिसमे विभाग पूरी तरह सहयोगी बना रहा। कुल 20000 लोंगों ने इस महोत्सव मे भाग लिया। परम पूज्य गोस्वामी 108 वैष्णवाचार्य श्री द्रुमिलकुमारजी महोदयश्री एवं परम पूज्य गोस्वामी 108 युवा वैष्णवाचार्य श्री ब्रजराजकुमारजी महोदयश्री ने पधार कर सभी को आशीर्वचन दिये।













8 – इस वर्ष का अंतिम कार्यक्रम, दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार रहा जो दिनांक 15-16 मार्च 2023 को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे परम पूज्य गोस्वामी 108 श्री वागधीश जी महोदयश्री ने पधार कर आशीर्वचन दिये। इस संगोष्ठी का विषय था ' कृष्ण साहित्य का सामाजिक आदर्श'। भारत एवं विश्व के अनेक विद्वानो ने इसमे भाग लिया। जिसमे चाइना विश्वविद्यालय से आए डॉ विवेक मणि त्रिपाठी , पुणे विश्वविद्यालय से आए डॉ राजेंद्र










घोड़े , मुंबई विश्वविद्यालय से आए डॉ सचिन जी गपाट , सृजनलोक प्रकाशन आरा से आए श्री संतोषजी श्रेयांश , उज्जैन से डॉ बी एल आच्छा , श्री रमेश गुप्त , बिहार से डॉ ईश्वर करुण , आदि प्रमुख रहे।

9 – विभागीय आडिट कमेटी का गठन कर विभागीय आडिट का कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया जिसमे डॉ पी वनिता , उप प्राचार्य, श्रीकन्यका परमेश्वरी कालेज और डॉ सुनीता जाजोड़िया हिन्दी विभागाध्यक्षा, डब्ल्यूसीसी कालेज, को कमेटी मेम्बर के रूप मे आमंत्रित किया गया।

# उपलब्धियाँ

## सेमिनार / वेबीनार / फ़ैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी)

विभाग के प्राध्यापको ने अनेक संगोष्ठियों मे भाग लेकर अपने शोध पत्र पढा और प्रमाण पत्र के साथ साथ सम्मान एवं पुरस्कार भी प्राप्त किया। ७,11,और १५ दिन के एफडीपी कार्यक्रम मे भी भाग लिया। अनेक संस्थाओ एवं महाविद्यालयो मे मुख्य वक्ता के रूप भागीदारी किया। अनेक कवि सम्मेलनों मे अपनी कवितायें पढ़ी। सदस्यता लिया/ उनके शोध पत्रो का प्रकाशन भी हुआ जो इस प्रकार है।

1 – विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी ने इस वर्ष कुल ६ सेमिनार मे भाग लेकर अपना आलेख पढ़ा। ५ राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए। ४ एफडीपी प्रोग्राम मे भाग लिया। २ कालेज मे मुख्य वक्ता बनकर अपना वक्तव्य दिया। ४ कवि सम्मेलन मे कवि के रूप मे भाग लिया। ४ शोध आलेख प्रकाशित हुये। आल इंडिया रेडियो चेन्नई पर २ बार कविता का पाठन किया। मद्रास विश्वविद्यालय मे बोर्ड आफ स्टडी के मेम्बर बने। अनुभूति एवं कवि कुटुंब संस्था एवं विश्व हिन्दी सेवा (१ वर्ष) के मेम्बर बने। श्री कनयका परमेशवरी महिला महाविद्यालय के आडिट कमेटी के मेम्बर बने।

2 – डॉ सुनील पाटिल ने कुल ५ राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया। ३ सेमिनार मे उपस्थित होकर अपना आलेख पढ़ा। २ एफडीपी मे भाग लिया। १ आलेख एवं ३ बुक मे एक एक चैप्टर प्रकाशित हुये। अपने कालेज के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल संचालन किया एवं प्रपत्र पढे।

3 – डॉ मनोज कुमार द्विवेदी ने २ एफडीपी मे भाग लिया। १० अवार्ड से सम्मानित हुये। १ संगोष्ठी मे भाग ले कर आलेख पढ़ा। २ आलेख प्रकाशित हुये। २ संस्थाओ मे अतिथि बनकर अपना वक्तव्य दिया। एम ओ पी वैष्णव कालेज मे विभागीय आडिट कमेटी के सदस्य के रूप मे भाग लिया।

4 – डॉ कुमार अभिषेक ने ३ राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया। २ राष्ट्रीय संगोष्ठी मे भाग लेकर अपना आलेख पढ़ा और २ एफडीपी मे भाग लिया।

5 – डॉ प्रवीण कुमार मिश्र ने २ अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी मे भाग लेकर अपना आलेख पढ़ा। २ एफडीपी कार्यक्रम मे भाग लिया। कुल ५ राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया।

6 – महाविद्यालय ने विभाग को प्रकाशन के लिये सीड मनी के रूप में 4500/ की आर्थिक सहायता भी प्रदान किया।

# छात्रों की उपलब्धियाँ

1. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के एम. प्रवीन कुमार ने एथिराज कॉलेज द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
2. बी. कॉम. (सी. एस.) के हार्दिक के.एम.सेलट ने गुरु नानक कॉलेज द्वारा आयोजित काव्य माधुरी के अंतर्महाविद्यालय काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
3. बी. कॉम. (सी. एस.) की छात्रा अंजली तिवारी ने गुरु नानक कॉलेज द्वारा आयोजित काव्य माधुरी के अंतर्महाविद्यालय काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
4. बी. कॉम. मार्केटिंग मैनेजमेंट के सुदर्शन ने एफ. एन. कैरियर्स की परीक्षा उत्तीर्ण की।
5. बी. कॉम. (सी. एस.) के हार्दिक के.एम.सेलट ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- I द्वारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर्महाविद्यालय काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
6. बी. कॉम. (सी. एस.) के हार्दिक के. एम.सेलट ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
7. बी. कॉम. (सी. एस.) की छात्रा अंजली तिवारी ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
8. बी.बी.ए. के मयंक सोलंकी ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
9. बी.बी.ए. के मयंक सोलंकी ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
10. बी.बी.ए. के मयंक सोलंकी ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, अंग्रेजी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित अंतर्विभागीय भाषण-संबंधी प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
11. बी.बी.ए. के मयंक सोलंकी ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, श्रीनाथ फाइन आर्ट्स द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
12. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के हर्ष दबे ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
13. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के हर्ष दबे ने भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित आन-लाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
14. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के हर्ष दबे ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, वी. फेस्ट. द्वारा आयोजित हिन्दी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
15. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के रोहन भौमिक ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, द्वारा आयोजित छात्र प्रेरण कार्यक्रम के फोटोग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
16. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के दिव्या भारती ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
17. बी. कॉम. अकाउंट फ़िनान्स के स्वरूप ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किया।
18. बी.ए. क्रिमिनोलाजी के पूजा एच ने डी.डी.जी.डी. वैष्णव कॉलेज,चेन्नई, हिन्दी विभाग, शिफ्ट- II द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

